शाखा प्रबंधक (प्रबंधक -II) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु परीक्षा की सूचना

शाखा प्रबंधक (प्रबंधक -II) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक स्थापना/2025-26/47/173 दिनांक 13-11-2025 के अनुसार प्राप्त आवेदनों में से नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर कर्मचारी सेवा नियम एवं शर्तों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा हेतु सभी परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश पत्र ईमेल के माध्यम से भेजे जा रहे हैं, उसे डाउनलोड कर अपना हाल का छायाचित्र लगा कर परीक्षा में लाना अनिवार्य है। आप अपना प्रवेश पत्र बैंक के प्रधान कार्यालय से भी कार्यालीन समय में 10-मार्च-2026 साँय 5 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र के बिना परीक्षार्थियों को परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

परीक्षा की तिथि

14-मार्च-2026 एवं 15-मार्च-2026

परीक्षा का स्थान, दिनांक तथा समय अभ्यर्थी को पृथक से जारी किए गए प्रवेश पत्र के अनुसार रहेगा।

परीक्षा विवरण

- परीक्षा का माध्यम हिंदी रहेगा। परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से रहेगी।
- परीक्षा की अवधि 60 मिनिट होगी, कुल प्रश्न 60 होंगे।
- परीक्षा में कुल 60 अंक होंगे, प्रत्येक प्रश्न का एक अंक होगा, प्रत्येक गलत उत्तर पर 0.25 अंक काटे जाएंगे।
- परीक्षा में सामान्य ज्ञान एवं करंट अफेयर्स, गणित, एकाउंट्स, कंप्यूटर, बैंकिंग एवं रीजनिंग से संबंधित प्रश्न रहेंगे। परीक्षा में वस्तुनिष्ट प्रश्न होंगे जिसमें एक उत्तर सही होगा।

परीक्षा हेतु निर्धारित नियम

- परीक्षार्थियों को अपने साथ स्वप्रमाणित छायाचित्र चिपकाया हुआ प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है।
- निम्नलिखित में से एक मूल फोटो पहचान पत्र साथ लाएं, जिसमें नाम प्रवेश पत्र जैसा ही हो। (आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट)
- परीक्षार्थियो को प्रवेश पत्र में दिए गए रिपोर्टिंग टाइम तक परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय के उपरांत आए किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के उपरांत परीक्षा समाप्ति तक बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
- परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल, केलकुलेटर इत्यादि ले जाने का प्रतिबंध रहेगा।
- किसी भी परीक्षार्थी को यात्रा व्यय/मार्ग व्यय आदि स्वयं वहन करना होंगे।
- किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता, पर्यवेक्षक एवं साथी परीक्षार्थी से अभद्रता, परीक्षा में संदिग्ध गतिविधि या अनुचित साधनों का उपयोग करते पाए जाने पर परीक्षा तथा भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार विधिक कार्यवाही भी की जाएगी।
- परीक्षा के संदर्भ में सभी निर्णय लेने तथा परिवर्तन करने का अधिकार नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर के पास सुरक्षित रहेगा। किसी भी विवाद के मामले में, क्षेत्राधिकार ग्वालियर न्यायालय का होगा।
- लिखित परीक्षा के उपरांत वरीयता सूची के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को 23-मार्च-2026 को साक्षात्कार एवं अन्य परीक्षण के लिए बुलाया जा सकेगा।

संपर्क

किसी भी जानकारी के लिए श्री दीपक कुमार हीरानी, महाप्रबंधक से मोबाईल नंबर 9425110177 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक : 20-फरवरी-2026

नागरिक सहकारी बैंक मर्या. प्रधान कार्यालय ग्वालियर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, ग्वालियर